तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 25 जुलाई 2025

14 हरेली त्योहार परंपरा व उत्साह के साथ मनाया गया



13 गुरु पूर्णिमा साहू सदन कन्नेरी में हर्षोल्लास...





## खबर संक्षेप

### जिला सलाहकार समिति की बैठक 28 को होगी

**बालोद।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट अंतर्गत जिला सलाहकार समिति की कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालोद में बैठक 28 जुलाई को दोपहर 01 बजे आयोजित की गई है।

### कलंगपुर में फुटबाल स्पर्धा का किया आयोजन

**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर में खंड स्तरीय रग्बी फुटबाल खेल चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ सरपंच ग्राम पंचायत कलंगपुर पुष्पा गोविन्द सिन्हा के साथ अतिथियो द्वारा किया गया। इस चयन प्रतियोगिता में कलंगपुर, अचौद, माहुद बी, परसदा, गोरकापार, सकरौद, सिकोसा विद्यालय के प्रतिभागी छात्राएं शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुष्पा गोविन्द सिन्हा सरपंच ने खेल खिलाड़ी जिंदाबाद के नारे के साथ प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना से खेल खेलने की बात कही। उन्होंने कहा कि जीवन मे खेल का बड़ा महत्व है। खेल स्वस्थ शारीरिक–मानसिक के लिए बहुत जरूरी है। बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए खेल के प्रति जागरूक किया। खेल शिक्षक कलंगपुर टीआर साहू ने बताया कि जो भी प्रतिभागी खंड स्तरीय, जिला स्तरीय के बाद प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में सफल होता है ऐसे विजेता खिलाड़ी को बोर्ड कक्षा में 15 से 20 बोनस अंक मिलता है। जो कि खिलाड़ी विद्यार्थियों के लिए परिणाम शेष पेज 12 पर

**पर्व**

**किसानों ने नागर, कुदाली और फावड़े की पूजा कर फसलों की पैदावार और समृद्धि की कामना की**

# कृषि, संस्कृति और प्रकृति के सम्मान का तिहार है हरेली







हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

छत्तीसगढ़ का पारंपरिक और प्रथम त्यौहार हरेली गुरुवार को जिले भर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। सावन मास की अमावस्या को मनाए जाने वाला यह पर्व, जो छत्तीसगढ़ की समृद्ध कृषि, संस्कृति और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक है, इस बार भी अपने रंग–रूप और परंपराओं के साथ लोगों के दिलों में उत्सव का माहौल लेकर आया।

इस अवसर पर किसानों ने अपने पारंपरिक कृषि यंत्र हल, नांगर, कुदाली और फावड़े की पूजा कर फसलों की सुखद पैदावार और समृद्धि की कामना की। वहीं बालोद जिले की तीन ड्रोन दीदियों ने आधुनिक तकनीक और परंपरा का अनूठा संगम पेश करते हुए आधुनिक कृषि यंत्र ड्रोन की पूजा कर हरेली तिहार को नया आयाम दिया। जिले में कार्यरत तीन ड्रोन दीदियों चित्ररेखा साहू, भावना साहू और रूचि साहू ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक हरेली तिहार को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर एक नई मिसाल पेश की है। ये ड्रोन दीदियां, जो शासन की ड्रोन दीदी योजना के तहत तकनीकी रूप से प्रशिक्षित हैं, जो कि नियमित रूप से किसानों के मित्र के रूप में तथा कृषि कार्य में अहम भूमिका निभाते हुए फसलों में नैनो उर्वरक छिड़काव का कार्य मिनटों में पूरा कर देती हैं। आज उन्होंने हरेली तिहार के अवसर पर ड्रोन को धूप–दीप से पूजित किया और नारियल व गुड़ के चीले का भोग लगाया।

### हरेली कृषि यंत्रों के रखरखाव की प्रेरणा देती है

चित्ररेखा साहू ने कहा कि हमारी परंपरा हमें कृषि यंत्रों का सम्मान सिखाती है। ड्रोन आज हमारा आधुनिक कृषि यंत्र है, जो दवाई छिड़काव और फसलों की निगरानी में मदद करता है। इसे पूजकर हम प्रकृति और तकनीक के मेल को बढ़ावा दे रहे हैं। भावना साहू ने बताया कि ड्रोन तकनीक से खेती में समय और मेहनत की बचत हो रही है और हरेली तिहार के इस अवसर पर उन्होंने संकल्प लिया कि वे जिले के अन्य किसानों को भी इस तकनीक से जोड़ेंगी। ड्रोन दीदियों ने इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरगामी सोच से हम महिलाओं के सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इस योजना से हमें आत्मनिर्भर बनकर जीवन में बेहतर कार्य करने का आत्मबल मिला है।

### विष्णु सरकार ने कृषि क्षेत्र में लाया नवाचार

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विशेष प्रयासों से आज कृषि के क्षेत्र में निरंतर नवाचार देखने को मिल रहा है। इससे हम लोगों को बेहतर आय और सुखद जीवन मिला है। हमारे द्वारा निरंतर ही किसानों के फसलों में नैनो उर्वरक का छिड़काव व देखरेख किया जा रहा है। ड्रोन दीदियों ने हरेली तिहार के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें हरेली तिहार की बधाई प्रेषित की।

### हरेली पर ग्राम देवता और कृषि यंत्रों की हुई पूजा



**बालोद/सिकोसा।** आदर्श ग्राम पंचायत सिकोसा, सिर्राभाटा सहित अंचल में छत्तीसगढ़ का पहला त्योहार हरेली पर्व गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। हरेली पर्व पर ग्राम देवताओं की पूजा अर्चना के साथ किसानों ने कृषि यंत्र की पूजा की। लोगों ने विभिन्न प्रकार के छत्तीसगढ़िया पकवानों का आनंद लिया, वहीं बच्चों ने गेड़ी का भरपूर लुफ्त उठाया। आदर्श ग्राम पंचायत सिकोसा सिर्राभाठा च कला मंच में सुई धागा दौड़, नारियल फेक, कुर्सी दौड़, गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# राष्ट्रीय किक बाक्सिंग में खिलाड़ियों ने जीते मेडल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद



राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग चौंपियनशिप में बालोद के महिला खिलाड़ियो ने तीन मैडल जीता।रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित वाको इंडिया राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चौंपियनशिप के सीनियर वर्ग का आयोजन 16 से 20 जुलाई तक किया गया था। जिसमे देश से कुल 26 राज्य के 1500 खिलाड़ी एवं 250 अधिकारी भाग लिए।

जिसमे बालोद के शहीद वीर नारायण सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी के 5 महिला खिलाड़ियो ने हिस्सा लिया। एकेडमी के अध्यक्ष किशोर नाथ योगी ने बताया कि खिलेश्वरी साहू, हेमशिखा मंडावी और भारती ने कांस पदक प्राप्त किया तथा पेमेश्वरी साहू और हंसिनी यादव ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया।इस मौके पर किकबॉक्सिंग संघ के जिला अध्यक्ष राकेश यादव ने खिलाड़ियो को और ज्यादा मेहनत करने की सलाह दी। एकेडमी के उपाध्यक्ष मनीष ठाकुर, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष नंद किशोर साहू ने सभी खिलाड़ियो के प्रति हर्ष व्यक्त किया।

# राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन बालोद में 26 को होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जय बजरंग अखाड़ा व्यायाम शाला बालोद आयोजन समिति द्वारा बालोद जिलावासियों के तत्वाधान में 26 जुलाई को एक दिवसीय राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन बुधवारी बाजार बालोद मे सुबह 11 बजे से किया गया है।

जिसमें पुरूश वर्ग के तहत बाली वर्ग के 66 आल वर्ग मे प्रथम पुरस्कार 5001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3501 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2501 रूपये रखा गया है। सुग्रीव वर्ग मे 58 से 66 वजन मे प्रथम पुरस्कार 4001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2001 रूपये रखा गया है। अंगद वर्ग मे 52 से 57 वजन मे प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 2501 रूपये, तृतीय पुरस्कार 1001 रूपये रखा गया है। नील वर्ग के 43 से 51 वर्ग मे प्रथम पुरस्कार 2001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 1501 रूपये, तृतीय पुरस्कार 1001 रूपये रखा गया है। नल वर्ग मे 0 से 42 तक मे प्रथम पुरस्कार 1501 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 1001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 701 रूपये रखा गया है।

वहीं महिला वर्ग के रानी लक्ष्मी बाई वर्ग के 42 से 50 वजन में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 2001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 1001 रूपये रखा गया है। वही रानी शेष पेज 12 पर

# रसोइया संघ की मांगें पूरी न होने पर 28 से 30 तक रहेंगे हड़ताल पर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

लगातार अपनी मांगो को लेकर ज्ञापन सौपने व अधिकारियो कर्मचारियो से मिलकर लगातार अपनी प्रमुख मांग उठाने के बाद भी मांग पूरा न होता देख अब जिले के रसोईयां संघ द्वारा अपनी प्रमुख तीन मांगो को लेकर नया बस स्टैण्ड बालोद में 28 जुलाई से 30 जुलाई तक हड़ताल पर रहेंगे।

इस संबंध मे छ.ग. स्कूल मध्यान भोजन रसोईयां संयुक्त संघ द्वारा जिला स्तरीय 3 दिवसीय हड़ताल के संबंध मे कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ मध्यान भोजन रसोईयां संघ जिला बालोद के समस्त शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला के रसोईयां प्रदेश स्तरीय आव्हान के तहत 28 से 30 जुलाई तक जिला स्तरीय तीन दिवसीय हड़ताल रखा गया है। जिसमे 30 जुलाई को समस्त रसोईयो के द्वारा रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौपा जायेगा। जिसमे से प्रमुख मांगे है कि रसोईयो को कलेक्टर दर दिया जाए। पचास प्रतिशत घोशणा लागू किया जाए। रसोईयो को कार्य से निकालना बंद किया जाए। इस दौरान ज्ञापन सौपने जिला अध्यक्ष नुकेश सोनवानी, जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी यादव, जिला सचिव द्वारिका प्रसाद देशमुख, जिला संरक्षक प्रमोद कुमार यादव, जिला कोशाध्यक्ष उल्फी यादव, मिडिया प्रभारी मंजूलता कुंभकार, सुलोचना निशाद, जिला सह प्रभारी तामेश्वर सोनभद्र, जिला सह सचिव तामेश्वर निर्मलकर, मलखम रावटे, धन्नू लाल कश्यप उपस्थित थे।

# ग्राम ओरमा में शिवलिंग खंडित ग्रामीण उग्र, रिपोर्ट की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

हरेली त्यौहार की सुबह जब ग्राम ओरमा के ग्रामीण उठे और ग्राम के चौक के पास पहुंचे तो वहां स्थापित शिवलिंग को किसी ने खण्डीत करते हुए शिव मंदिर में किसी असामाजिक तत्व द्वारा तोड़ फोड़ कर दिया गया था।

जिसकी जानकारी अन्य ग्रामीणो को होते ही ग्रामीणो मे आक्रोश व्याप्त हो गया तथा ग्रामीण इसकी शिकायत पुलिस थाने में करने के साथ उक्त व्यक्ति की खोजबीन मे लग चुके है। ग्राम पंचायत ओरमा वार्ड नंबर एक में तालाब पार के पास ग्रामीणों के जन सहयोग से शिवलिंग की स्थापना किया गया था, जहां लोग अपने भाव भक्ति के साथ प्रतिदिन पूजा करने मंदिर मे पहुंचा करते थे जहां पर किसी असामाजिक तत्व के लोग रात को शिवलिंग, नदी देव सहित मंदिर को क्षति पहुंचाने के साथ ही मंदिर परिसर के आस पास रखें सभी सामान को तालाब में फेंक दिये है। ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार हरेली त्यौहार की सुबह जब आस पास के लोग सुबह उठने के बाद चौक मे पहुंचे तो ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई तब वहां पर अन्य ग्रामीण भी इकट्ठा होते गए जिससे गांव में काफी आक्रोश का माहौल है। ग्राम प्रमुखों के द्वारा इन असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की जा रही हैं। आपको बता दें कि ग्राम समिति के अध्यक्ष नेम लाल साहू ने काफी नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसे बदमाश को बक्सा नहीं जाएगा।

ग्राम समिति सचिव प्रीतम कुमार सोनकर ने कहा शेष पेज 12 पर









### आपसी समन्वय से वन भूमि विवाद का हो निराकरण

**बालोद।** संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिले के राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर जिले में वन भूमि एवं राजस्व वन भूमि के चिन्हांकन तथा सीमा विवाद के निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से निर्धारित समयावधि में जिले में वन भूमि एवं राजस्व वन भूमि के चिन्हांकन के साथ सीमा विवाद के निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में संभाग आयुक्त ने जिले में वन भूमि एवं राजस्व वन भूमि के चिन्हांकन तथा सीमा विवाद के निराकरण हेतु राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से फील्ड विजिट एवं बैठक आयोजित कर शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### गुरु रुद्र कुमार का सतनाम समाज ने किया सम्मान

**भिलाई।** सतनाम पंथ गुरु गद्दीनशीन एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री गुरु रुद्र कुमार के अवतरण दिवस पर सतनाम पंथ के राज महंत सतनाम समाज के वरिष्ठजनों ने उन्हें सम्मानित किया। आवरण दिवस को धूमधाम से मनाया गया। इसमें कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। गुरु रूद्र कुमार ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि आप सभी का सहयोग मुझे ऐसे ही मिलता रहे। सतनाम धर्म गुरु होने के कारण मेरे ऊपर जवाबदारी ज्यादा है। गुरु घासीदास बाबा के बताए हुए मार्गों में चलने की कोशिश हमेशा से करते आ रहे हैं। मनखे-मनखे एक समान बाबा के दिए उस महामंत्र को शिरोधार्य करके मैं आज सतनाम धर्म के ध्वजा को लेकर लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया है।

### शिव भक्त लेंगे भजन संध्या व महाआरती का आनंद

**भिलाई।** सावन के शुभ महीने में हर साल की तरह इस साल भी सेक्टर 7 तालाब स्थित शिवधाम मंदिर में भगवान शिव की पूजा पूरे विधि विधान से की जा रही है। भिलाई नगर निगम के पार्षद व अध्यक्ष खाद्य, लोक एवं स्वच्छता विभाग लक्ष्मीपति राजू ने बताया कि पिछले कई सालों से ये आयोजन भव्य रूप से शिव भक्तों के सहयोग से आयोजित होता आ रहा है। इस बार भी महारुद्राभिषेक का आयोजन रखा गया है। 28 जुलाई सोमवार आयोजन के दौरान सुबह 7 बजे महारुद्राभिषेक का कार्यक्रम किया जाएगा।

### चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर भाजपा ने किया नमन

**दुर्ग।** देश के स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख सेनानियों में से एक चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर शहीद चौक में स्थित चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में कई योद्धाओं ने अपनी प्राणों की आहुति दी। उनमें एक नाम चंद्रशेखर आजाद भी हैं।

# नेहरू नगर चौक से कुम्हारी टोल तक सर्विस रोड के मध्य बनेगा क्रश बैरियर

## ओवर ब्रिज के आगे डिवाइडर निर्माण हो रहा, सुरक्षा समिति की बैठक में हुई थी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नेशनल हाइवे को बेहतर बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने नेहरु नगर चौक से कुम्हारी टोल प्लाजा तक क्रेश बेरियर लगाने का प्रपोजल दिल्ली भेजा गया है। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए लगातार सड़क सुरक्षा समिति के बैठक में नेशनल हाइवे के अभीयांत्रिक त्रुटि को दूर करने एजेंडा में शामिल किया गया था।

जिस पर सुधार कार्य किये जा रहे है साथ ही ट्रैफिक पुलिस विभाग से समन्वय कर सुधार कार्य कराने का कार्य किया जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा सड़क हादसों में कमी लाने, नेशनल हाईवे में सुधार कार्य के लिए कुम्हारी टोल प्लाजा से नेहरू नगर चौक तक सर्विस रोड, नेशनल हाईवे में कहीं कहीं पर समानांतर है।

कहीं ऊपर नीचा होने से सड़क हादसा होता है। इसके लिए बीच क्रश बैरियर्स लगाकर दोनों मार्ग को अलग-अलग किया जाएगा। समिति के एजेंडा में इसे शामिल किया गया था। दोनों मार्ग के मध्य क्रश बैरियर निर्माण किया जाएगा। जिससे सर्विस रोड से अचानक कोई भी वाहन मुख्य मार्ग में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।



### कटिंग को भी किया है बंद

जहां-जहां ओवर ब्रिज का निर्माण हुआ है ऐसे ही स्थान पर पूर्व में लोहे के जाली से डिवाइडर बनाए गए थे। टूटे फूटे गए हैं और सड़क से अचानक लोग पार करने, मवेशी आ जाने से सड़क हादसा रोकने के लिए मीडिल कटो को बंद कर दिया गया। प्रमुख चौक चौराहो में लेफ्ट टर्न फ्री बनाने निर्देश दिए गए थे। दुर्ग के प्रमुख चौराहों पर लेफ्ट टर्न फ्री बनाया गया है। भिलाई क्षेत्र का सर्वे किया गया है नेशनल हाईवे में अवैध कटिंग को भी पूर्व में बंद किया गया है।

## पर्व

### कृषि उपकरणों की पूजा की और बच्चों ने गेड़ी का लिया आनंद

# हरेली पर पशुओं को खिलायी लोंदी घरों में लगाई नीम की टहनियां











हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में हरेली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। सुबह से किसान अपने औजारों की पूजा अर्चना के साथ महिलाएं विभिन्न तरह की छत्तीसगढ़ीयां पकवाने तैयार करने में लगी रही, जहां हल्की बूंदा-बांदी के बीच तेज बारिश ने हरेली को और खुशनूमा बना दिया।

हरेली त्यौहार पर सुबह सबसे पहले किसानों ने ग्राम के ग्वालों के पास पहुंचकर ग्वालों द्वारा जंगलों से लाकर तैयार की गई दवाई को लेकर पशुओं को खिलाया। माना जाता है कि इससे पशु बीमारियों से दूर रहते हैं। वहीं ग्राम के बैगाओं द्वारा नीम की डंगाल को ग्रामों में स्थित घरों के मुख्य दरवाजों में लगाया गया। इसके बाद किसान अपनी खेती किसानी के औजारों की साफ सफाई के साथ कृषि संबंधित वाहनों की साफ सफाई करते दिखे। दूसरी ओर घर की महिलाओं द्वारा पारंपरिक पकवाने बनाये गए।

इस दौरान किसानों द्वारा कृषि औजारों को एक स्थान में रखकर उनकी पूजा अर्चना व घर में बने पकवानों से उनका भोग लगाया। इसके बाद घर के बड़े बुजुर्गों व बच्चों द्वारा तैयार बांस की बनी बेड़ी से बच्चे खेलते दिखे। इस अवसर पर जिले के ग्रामों में विभिन्न प्रतियोगिता के साथ विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें जिला मुख्यालय मे हरेली रैली जैसे कार्यक्रम का आयोजन कर झांकी निकाली गई।

### प्राचीन परंपरा के साथ हरेली तिहार नगर में मनाया गया




**दल्लीराजहरा।** हरेली तिहार की पारंपरिक छटा दल्लीराजहरा शहर सहित पूरे क्षेत्र में पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ देखने को मिली। यह त्यौहार यहां प्राचीन विधि और धार्मिक परंपराओं के अनुसार मनाया गया, जिसमें ग्रामीण संस्कृति और लोक आस्था की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। सवेरे से ही गांवों और मोहल्लों में हरेली पर्व की तैयारियां चरम पर रहीं। लोगों ने घरों के द्वार पर नीम और आम के पत्तों की तोरण सजाई, गोठानों और गौठानों में बैलों, कृषि यंत्रों और औजारों की विधिवत पूजा की गई। विशेष रूप से किसानों और पशुपालकों ने इस अवसर पर अपने औजारों की सफाई कर उन्हें पूजा कर आभार जताया। मुख्य आयोजन स्थलों पर गेड़ी नृत्य, सावन झूला, पारंपरिक खेल-कूद प्रतियोगिताएं और लोक गीत-नृत्य के आयोजन किए गए, जिनमें युवाओं और बच्चों की उत्साहजनक भागीदारी रही। गांवों में गेड़ी चढ़े बच्चों की टोली और 'हरेली हरयाली' की गूंजती आवाजों ने माहौल को जीवंत कर दिया। धार्मिक दृष्टिकोण से भी यह पर्व विशेष माना जाता है। स्थानीय मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन हुआ। ग्राम के बुजुर्गों और पुजारियों ने ग्रामीणों को हरेली के महत्व पर प्रकाश डाला और पारंपरिक रीति-रिवाजों के संरक्षण पर जोर दिया। हरेली तिहार के बहाने लोगों ने अपनी संस्कृति और परंपरा से जुड़ने का सुंदर अवसर पाया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय प्रशासन की ओर से भी विभिन्न आयोजन कर सहभागिता निभाई गई। हरेली तिहार ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि छत्तीसगढ़ की मिट्टी में लोक परंपरा, कृषि संस्कृति और धार्मिक श्रद्धा की गहराई है और हर पीढ़ी इसे आत्मीयता से निभा रही है।



# कसहीकला में 20 फीट धसी जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लाक के ग्राम कसहीकला में बस्ती और तालाब के बीच हिंगलाज देवांगन के खेत में सुबह 11 बजे के आसपास अचानक खेत में जमीन धंसी दिखी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गड्ढा लगभग 15 फीट लंबा व 15 फीट चौड़ा है। कुछ लोगों ने बांस डालकर गहराई देखी तो 20 फीट से अधिक लंबा बांस तल तक नहीं पहुंचा। दूर से देखने पर अंदर पानी उबाल मार रहा था। सरपंच ममता साहू ने बताया कि खेत की मिट्टी 20 फीट से अधिक धंस गई है। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ लगी हुई है। आसपास के ग्राम पापरा, बुंदेली, फरदडीह, पिरीद, भेंगारी ,घीना, लासाटोला के ग्रामीण खगोलीय घटना को देखने सैकड़ों की संख्या में पहुंचने लगे। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर सुरेगांव पुलिस ने पहुंचकर गड्ढा के आसपास लाल रिबन से घेराबंदी कर एतियात के तौर पर पुलिस जवान तैनात कर दी गई है।

### बायोमीट्रिक अटेंडेंस सिस्टम फेल, सीटू ने लगाया आरोप

**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट में 13 महीने पहले बायोमीट्रिक अटेंडेंस सिस्टम की शुरुआत की गई थी। बीएसपी कर्मी समय पर ड्यूटी के दौरान पंच कर रहे हैं, लेकिन अटेंडेंस सिस्टम में उनकी उपस्थिति दर्ज नहीं हो रही है। सीटू ने आरोप लगाया है कि इस तरह की शिकायत काफी समय से उन्हें मिल रही हैं। उन्होंने प्रबंधन को इसे ठीक करने के लिए कहा है, लेकिन कोई सुधार नहीं हो रहा है। सीटू मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार 19 जुलाई को जिन कर्मियों ने बायोमीट्रिक अटेंडेंस लगाया था उनकी पंचिंग ही नहीं दिख रही है। कर्मियों ने शनिवार 19 जुलाई को को नाइट ड्यूटी के दौरान पंच इन किया उनका पंच इन भी नहीं दिख रहा है। वही कर्मचारी जब ड्यूटी ऑफ होने पर पंच आउट किया तो वो रविवार को प्रथम पाली में पंच इन दिखा रहा है। बीएसपी में अटेंडेंस का पूरा सिस्टम ही उल्टा पुल्टा हो गया है।

# तेंदूपत्ता हितग्राहियों को चरणपादुका का वितरण सरकार की योजनाएं पहुंच रहीं जमीनी स्तर तक



**कुसुमकसा।** छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार तेंदूपत्ता संग्रहण कर्ताओं को सम्मान देने के लिए उन सभी हितग्राहियों को प्रदेश भर में चरणपादुका का वितरण कर रही है। इस कार्यक्रम के तहत ग्राम रजही में तेंदुपत्ता तोड़ने वाले परिवार को चरण पादुका का वितरण भाजपा नेता और पूर्व जनपद सदस्य संजय बैंस के मुख्यातिथि में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य आशा आर्य विशेष अतिथि भाजपा उपाध्यक्ष गोपाल साहू मंडल महामंत्री पोषण भूआर्य सरपंच और वनविभाग के अधिकारियों के बीच सम्पन्न हुआ। सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया 1 कार्यक्रम के मुख्यअतिथि संजय बैंस ने उपस्थित ग्रामीण जनों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव सरकार प्रत्येक वर्ग को ध्यान रखते हुए विभिन्न योजना इस प्रदेश में संचालित कर रही है। महिलाओं को महतारी वंदन की राशि देकर उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की दिशा में काम कर रही है तथा किसानों को 21 क्विंटल प्रति एकड़ तथा 3100 रुपए प्रति क्विटल की राशि देकर किसानों का मान बढ़ा रही है। उसी तरह तेंदूपत्ता संग्रहण कर्ता को किसी तरफ समस्या ना हो। इसके लिये इन हितग्राहियों को चरणपादुका का वितरण कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद सदस्य आशा आर्य ने तेंदूपता हितग्राहियों को शासन की सभी योजना का लाभ कैसे उठा सकते है। उन योजनाओं के बारे में विस्तार से समझाया और प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि निचले तपके के भी बारे में सोचने वाली ये सरकार है। कार्यक्रम का संचालन तेंदूपत्ता समिति के प्रबंधक गंगू राम मंडावी ने किया। इस अवसर पर तेंदूपत्ता समिति के अध्यक्ष पुखराज कौड़ों ,पलटू राम डिप्टी रेंजर रोहित चौधरी जी , डिप्टी रेंजर अहिल्या कौड़ों, मनीष साहू , परशु राम डहरवाल, सरपंच गौतम राणा, प्रताप भूखशिया, तरुण कुमार सहित तेंदूपत्ता हितग्राही और सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में हो निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- बैठक में संभाग आयुक्त सत्यनारायण ने अधिकारियों को दिए निर्देश



जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक ले रहे संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण की मॉनिटरिंग मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं की जा रही है। इसलिए इस कार्य को निर्धारित समयावधि में विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा करना अत्यंत आवश्यक है। राठौर ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को आम जनता के हित में पूरी तत्परता एवं मुस्तैदी के साथ परिश्रम करते हुए राजस्व संबंधी मामलों का निराकरण करने कहा। बैठक में राठौर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में 2 से 5 वर्ष या उससे अधिक के अवधि के राजस्व प्रकरण लंबित नहीं होनी चाहिए। संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को अपने-अपने न्यायालयों में चल रहे राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे आम जनता को राजस्व संबंधी मामलों के निराकरण में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। राठौर संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर बालोद जिले में राजस्व संबंधी कार्यों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। राठौर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करना राज्य शासन के विशेष प्राथमिकता में शामिल है। इसलिए इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं त्रुटि की गुंजाईश बिल्कुल भी नहीं हो।

बैठक में संभाग आयुक्त ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य को सफलतापूर्वक एवं सही तरीके से संपन्न कराने हेतु की जा रही डीटिजल क्रॉफ्ट सर्वे के कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि फसल सर्वे के कार्य को शतप्रतिशत सही एवं त्रुटिरहित ढंग से किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने डिटिजल क्रॉफ्ट में लगे सर्वेयरों सहित सभी अधिकारी-कर्मचारियों का समुचित प्रशिक्षण आदि व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।

### धान खरीदी त्रुटि रहित हो

बैठक में राठौर ने डिजिटल क्रॉफ्ट सर्वे हेतु सर्वेयरों की नियुक्ति तथा प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी लेते हुए इस कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिससे कि धान खरीदी का कार्य सही तरीके से संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि धान खरीदी का कार्य राज्य की अर्थव्यवस्था से जुड़ी है। इसलिए इस कार्य को त्रुटिरहित ढंग से किया जाना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में संभाग आयुक्त ने कृषक पंजीयन की प्रगति, राजस्व अभिलेख अद्यतीकरण के कार्य, भूमि अधिग्रहण, खरीफ गिरदावरी, विवादित एवं अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, अपीली प्रकरणों का निराकरण की ऑनलाईन जानकारी, ई-कोर्ट में लंबित प्रकरणों आदि का विस्तृत समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को सभी लंबित प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### जन जागृति सेवा समिति ने किया पौधारोपण



**डौंडीलोहारा।** पर्यावरण, संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने और माताओं का सम्मान करने के उद्देश्य से एक पेड़ के नाम जन जागृति समिति आदिवासी कॉलोनी रामनगर डौण्डीलोहारा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वार्ड 15 के पार्षद किशोर दीवान एवं वार्डवासी जन जागृति समिति के अध्यक्ष सेवाराम चंदेल के सौजन्य से एक पेड़ मां के नाम पौधों का रोपण किया गया। रोपे गये पौधे का समुचित देखभाल एवं सुरक्षा करने का भी संकल्प लिया गया, इसमें आम, अमरूद, नीम, गुलमोहर, आंवला, कटहल का पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर चैतराम पटेल, वीरेंद्र पौसार्य, राणा, जीवराखन कोठारी, धनेन्द्र, सुनील अलेन्द्र, कमला बाई, खेदी बाई, ललातिन बाई, गिरीश निर्मोही, छबिलाल पिकेश्वर, शत्रुहन ठाकुर, टण्डन, देवांगन, एस सी गोरे आदि उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता ...

दुर्गावती उपाधी के 51 से 60 वजन मे प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 2001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 1001 रूपये रखा गया है। विजय पारख ने बताया कि इस कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने राज्यभर से नामचीन महिला पुरुष कुश्ती पहलवान बालोद आने वाले हैं। प्रतियोगिता में महिला पुरुष वर्ग से बाली, सुग्रीव, अंगद, नील, नल एवं रानी लक्ष्मीबाई, दुर्गावती उपाधि के लिए पहलवान दांव लगाएंगे। कार्यक्रम में उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल रहेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि मे अपर कलेक्टर बालोद चंद्रकांत कौशिक रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामेश्वर ढीमर, क्रीड़ा अधिकारी शासकीय महाविद्यालय बालोद मनीष टोप्पो, अध्यक्ष राज्य कुश्ती संघ रायपुर जगन्नाथ यादव करेंगे। वहीं प्रतियोगिता समापन पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि अधिवक्ता नोटरी गंगाधर सोनबरसा रहेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष शिवसेना बालोद विजय पारख रहेंगे। विशेष अतिथि अनसुईया आर्य, कविता सान्याल रहेंगे। जय बजरंग अखाड़ा व्यायाम शाला बालोद छत्तीसगढ़ का एक सत्तर अस्सी वर्ष पुरानी नामचीन संस्था है, जहां से कुश्ती, कबड्डी मलखंभ, अखाड़ा के नेशनल स्तर के खिलाड़ी निकले है, इनमें बहुत से युवा देश की आर्मी, पुलिस जवान अन्य प्रशासनिक पदों अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अखाड़ा व्यायाम शाला अपने ध्येय वाक्य सेवा, सुरक्षा, संस्कार को लेकर अपनी निःशुल्क सेवा देते आ रही है।

### ग्राम ओरमा में शिवलिंग...

बहुत दुखद घटना है कि ऐसे असामाजिक तत्व जो देवी देवता पर हमारी आस्था पर ठेस पहुंचाया है इनके खिलाफ कड़ी कार्यवाई होनी चाहिए। गांव के प्रमुख नागरिक कमलेश साहू ने कहा उनकी बहुत जल्दी पताशाजी करके इनको कड़ी से कड़ी सजा दिया जाएगा एवं सब लोग पुलिस थाने में इन लोगों के खिलाफ फिर कार्यवाही करवाएंगे। ग्राम समिति के प्रमुख कोषाध्यक्ष खिलेश्वर कुमार सोनकर ने कहा भगवान से दुष्ट और दुवेश रखने वाले और क्षति पहुंचाने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होना चाहिए अब गांव में सीसीटीव्ही कैमरा से निगरानी होगा, पुलिस कार्यवाई और गांव की ओर से भी कार्रवाई करेंगे।

### आपसी समन्वय से वन ...

मामले के निराकरण हेतु जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है। इसके लिए उन्होंने राजस्व एवं वन विभाग के अनुविभागीय अधिकारियों को तथा तहसीलदार एव वन परिक्षेत्र अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट करने के अलावा बैठक आयोजित कर मामले का निराकरण करने को कहा। संभाग आयुक्त राठौर ने अधिकारियों को इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा करते हुए निर्धारित समय-सीमा में इसका अनिवार्य रूप से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में वनमण्डलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने जिले के कुल वन क्षेत्र, नारंगी वन क्षेत्र आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

### कलंगपुर में फुटबाल स्पर्धा ...

में नीव के पत्थर का काम करता है। उन्होंने बताया कि खंड स्तरीय के बाद बहुत जल्द कलंगपुर में ही जिला स्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होना है। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विकास जैन, पूर्व सरपंच गोविन्द सिन्हा, प्रभारी प्राचार्य मंडावी, परसदा दुष्यंत कुमार साहू, आरएन साहू, रवि साहू, देवीलाल साहू, ढाल सिंह साहू, अखिलेश ठाकुर गोरकपार सहित सभी प्रतिभागी स्कूल के सम्बंधित शिक्षक व खिलाडीगण उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### ग्राम नाहंदा में युवाओं ने कब्बडी खेल आनंद लिया

**अंडा।** ग्राम नाहंदा में छत्तीसगढ़ के हरेली का त्यौहार पूरी आस्था व उत्साह के साथ मनाया गया है। गांव के युवा द्वारा कब्बडी खेल का आनंद लिये, बारीश हुए पर भी युवा लोग कब्बडी का उठाये। कुणाल, विजेता, भूपेंद्र, श्यामू सहित अन्य लोगों ने भी हिस्सा लिया। आज भी गांव में कब्बडी,खो, सभी प्रकार के खेलों का आनंद लिया जा रहा हैं।

### लोक जनशक्त पार्टी की बैठक हुई संपन्न



**गुण्डरदेही।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के युवा मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 21 जुलाई को दिल्ली में आयोजित की गई थी। इस बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रणब कुमार ने की, जिसमें देशभर के 29 राज्यों से आए युवा मोर्चा के अध्यक्षों और राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक मे गुण्डरदेही विधानसभा के लोजपा प्रत्याशी रहे प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ तोमन लाल साहू भी शामिल हुए। जहां उन्होने जिला संगठन के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी दी साथ ही उन्होने राज्य के विभिन्न मांगो को पत्र के माध्यम से मांग रखी। बैठक मे प्रदेश महासचिव गिरिश कुमार, प्रदेश सचिव नारद राम साहू सहित आदि शामिल हुए।

### नगर के अस्पताल को मिले पांच डॉक्टर

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नगर के शासकीय चिकित्सालय में डॉक्टरों की कमी दूर कर दी गई है। विगत दिनों नगर के शासकीय चिकित्सालय में पांच डॉक्टरों की नियुक्ति कर दी गई है। पांच डॉक्टरों की नियुक्ति किए जाने से डॉक्टरों की कमी अब दूर हो जाएगी। डॉक्टरों की कमी के चलते स्वास्थ्य सेवाओं में बुरा असर पड़ रहा था। डौंडीलोहारा ब्लॉक अविभाजित दुर्ग जिले व बालोद जिले का सबसे बड़ा ब्लॉक है, जिसके कारण शासकीय अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ रहती है। डॉक्टरों कमी के चलते मरीजों के अलावा अस्पताल से संबंधित सभी सेवाओं पर बुरा असर पड़ रहा था, इससे सरकार की भी किरकिरी हो रही थी। नियुक्ति होने के बाद अब समस्या दूर हो गई है, जिससे क्षेत्र की जनता में हर्ष व्याप्त है। फिलहाल 2 वर्षीय डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है, जो कि विभिन्न चिकित्सा विशिष्टताओं में अनुभव प्राप्त करने और आगे के प्रशिक्षण के लिए तैयार होने के लिए 2 साल का कार्यक्रम पूरा करते हैं। नियुक्त किए गए डॉक्टरों में डॉ. टीकम साहू, सौरभ गंजीर, अनिमेष चंद्राकर, आकांक्षा व दीक्षा धुरंधर शामिल हैं।

### 9वीं में प्रवेश के लिए मेरिट व प्रतीक्षा सूची जारी

**बालोद।** प्रयास आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025–26 की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की द्वितीय वर्गवार मेरिट एवं प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग बालोद ने बताया कि कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की प्रतीक्षा सूची का अवलोकन वेबसाईट पर किया जा सकता है। इसके साथ ही प्रवेश हेतु द्वितीय प्रतीक्षा सूची में दर्शित विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग का समय एवं स्थान भी निर्धारित कर दी गई है। जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालक की काउंसलिंग अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालिका, अनुसूचित जाति बालक एवं बालिका, अन्य पिछड़ा वर्ग बालक एवं बालिका तथा सामान्य वर्ग एवं अल्प संख्यक बालक एवं बालिका हेतु 28 जुलाई को सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेरिट सूची में दर्शित विद्यार्थी काउंसलिंग हेतु निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान में अनिवार्य दस्तावेजों सहित उपस्थित हो सकते है।

### बैठक : विद्यार्थियों के लिए मेंटर नियुक्त करने के भी निर्देश दिए

# कलेक्टर मिश्रा ने समीक्षा बैठक में शिक्षा गुणवत्ता व नवाचार लाने पर विशेष जोर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम को उत्कृष्ट बनाने हेतु विद्यार्थियों के अध्ययन–अध्यापन की व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने हेतु विद्यार्थियों के लिए मेंटर नियुक्त करने के भी निर्देश दिए। मिश्रा ने कहा कि जिले में कक्षा 12वीं और कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में उल्लेखनीय सुधार लाना है, इसके लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों और प्राचार्यों को बेहतर कार्ययोजना के साथ कार्य करना है। यह कार्य शिक्षा के क्षेत्र में जिले के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कलेक्टर ने अधिकारियों को विद्यार्थियों के लिए मेंटर की नियुक्ति दो स्तर पर करने को कहा। इसके अंतर्गत उन्होंने प्राविण्य सूची में स्थान बनाने हेतु संभावित बच्चों के लिए मेंटर की जवाबदारी प्राचार्यों को एवं 50 प्रतिशत से कम अंक के संभावित कमजोर बच्चों के लिए शाला के व्याख्यताओं को मेंटर की जवाबदारी देने के निर्देश भी दिए।

**व्यावहारिक, प्रभावी कार्ययोजना बना अमल करना आवश्यक :** उन्होंने जिले के परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने हेतु नियुक्त किए गए सभी मेंटर एवं अधिकारियों के माध्यम से इन चिन्हित बच्चों का सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की एक विस्तृत और महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ–साथ हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्यों के साथ बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम में बेहतर सुधार हेतु विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने बैठक के दौरान स्कूलवार एक–एक प्राचार्य से उनके स्कूलों के पिछले परीक्षा परिणामों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने प्राचार्यों से उनकी स्कूलों की शैक्षणिक स्थिति, छात्रें की तैयारी, और मौजूदा चुनौतियों के बारे में गहन चर्चा की। मिश्रा ने जोर देकर कहा कि शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए केवल सैद्धांतिक प्रयास ही काफी नहीं हैं, बल्कि व्यावहारिक और प्रभावी कार्ययोजना बनाकर उस पर अमल करना आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने प्राचार्यों को निर्देश दिए कि वे अपने स्कूलों में एक ठोस रणनीति तैयार करें, जिसमें छात्रें के लिए नियमित मूल्यांकन, कम अंक लाने वाले छात्रें के लिए विशेष उपचारात्मक कक्षाएं और शिक्षकों का विद्यार्थियों से बेहतर बातचीत शामिल हों।

#### नवाचार को बढ़ावा के दिए सुझाव

कलेक्टर ने यह भी सुझाव दिया कि स्कूलों में नवाचारों को बढ़ावा दिया जाए, जैसे कि डिजिटल शिक्षण साधनों का उपयोग, वीडियो आधारित शिक्षा, विद्यार्थियों के लिए मेंटोर और पेरेंट–टीचर मीटिंग्स को और प्रभावी बनाना। उन्होंने शत–प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त करने के लिए समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित करने और उसकी मॉनिटरिंग पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही, उन्होंने प्राचार्यों से अपने शिक्षकों के साथ मिलकर छात्रें में आत्मविश्वास और पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के शैक्षणिक परिणामों में सुधार से न केवल छात्रें का भविष्य बेहतर होगा, बल्कि बालोद जिला राज्य स्तर पर एक मॉडल जिला के रूप में उभर सकता है। कलेक्टर मिश्रा ने आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन इस दिशा में हर संभव सहायता प्रदान करेगा, जिसमें संसाधनों की उपलब्धता और विशेषज्ञों की मदद शामिल है। प्राचार्यों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए अपने–अपने स्कूलों में सुधार के लिए तत्काल कदम उठाने का वचन दिया।

# हरेली तिहार धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



अच्छी फसल की कामना व सभी की खुशहाली के लिए परमात्मा से प्रार्थना करते हुए ग्राम गैजी मे गांव के बैगा सोनू आलेन्द्र एवं ग्रामीणों द्वारा मां शीतला की पूजा अर्चना के साथ छत्तीसगढ़ के मुख्य त्यौहार हरियाली परम्परागत रूप से उल्लास के साथ मनाया गया,धरती पुत्र किसान खेती किसानी मे आने वाले औजारों की पूजा कर अच्छी फसल और सुख समृद्धि की कामना की गई, किसान सुबह से ही गोधन गाय बैल जो हमारे कृषि कार्य में उपयोगी होता है।

जिनकी सुरक्षा के लिए गांव के ग्वाला के द्वारा बनाई गई जड़ी बूटी से निर्मित दवाई लाकर पशुओं को खिलाया गया तथा ग्वाला के द्वारा प्रत्येक घरों मे जाकर मुख्य द्वार मे नीम की टहनियों बांधकर परिवार की खुशहाली की कामना की गई, बच्चे बांस से गेड़ी बनाकर अपने मित्रों के साथ खुले मैदान मे जाकर एक दूसरे के साथ बांटा गया, गांव की बेटियां पेड़ों मे झूला बनाकर खुब झूले का आनंद लिए, यह पर्व बच्चे, बुजुर्ग, युवा, माता, बहनें, बेटियों सभी का पर्व है, सभी के चेहरों पर हरेली की खुशी की चमक देखने को मिली, अपने पुराने बैर भाव को मिटाकर आपस मे गले मिलकर खुशियों का इजहार किया, अपने बड़े बुजुर्गो का पैर छूकर प्रणाम कर आशीर्वाद लिया गया।

परम्परानुसार घरों मे बनाये गए ब्यजनों को एक दूसरे के घरों मे आदान प्रदान कर अपने प्रेम को बांटने का प्रयास किया गया, वैसे यह पर्व चांवल से बनी चीला का प्रयोग मुख्य ब्यजनों के रूप में किया जाता है, पर अब हर त्योहारों का स्वरूप में परिवर्तन देखने को मिलता है गलत आहार, गलत पेय, जीव हत्या आदि जो समाज, परिवार और स्वयं के लिए भी हानिकारक है।

# शैलदेवी महाविद्यालय दुर्ग में प्रवेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा, दुर्ग, में बी.ए. (गृह विज्ञान, भूगोल), बी.कॉम, बी.एस.सी एवं बी.सी.ए के लिए प्रवेश जारी है। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बी.ए. एवं बी.कॉम. के विद्यार्थियों के लिए मुख्य विषय के अलावा कंप्यूटर फंडामेंटल व एम.एस. ऑफिस के साथ-साथ इलेक्ट्रीशियन (रोजगारपरक पाठ्यक्रम) की कक्षाएं भी संचालित की जा रही है। बी.एस.सी. के विद्यार्थियों को मुख्य विषय के अतिरिक्त गृह विज्ञान/अर्थशास्त्र व इलेक्ट्रिशियन की पढ़ाई भी कराई जा रही है। बी.सी.ए. के विद्यार्थियों को मुख्य विषय के अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ इलेक्ट्रीशियन ट्रेड भी पढ़ाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि शैलदेवी महाविद्यालय में संचालित बी.सी.ए. पाठ्यक्रम ए.आई.सी.टी.ई. द्वारा स्वीकृत है। उपरोक्त पाठ्यक्रम सिर्फ शैलदेवी महाविद्यालय में ही संचालित है। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में एम.कॉम, एम.एस.सी. (रसायन) व एम.एस.सी. (कंप्यूटर विज्ञान) में भी प्रवेश जारी है। महाविद्यालय में एम.एस.डब्ल्यू. (मास्टर ऑफ सोशल वर्क), बी.लिब, योगा में डिप्लोमा के साथ-साथ डी.सी.ए. व पी.जी.डी.सी.ए. जैसे रोजगार उन्मुखी पाठ्यक्रम भी संचालित होते हैं। शिक्षा संकाय के अंतर्गत बी.एड., डी.एल.एड., बी.एस.सी. बी.एड. की कक्षाएं भी महाविद्यालय में संचालित होती है। शैलदेवी महाविद्यालय, दुर्ग ग्रामीण अंचल का एक नैक ए ग्रेड प्राप्त उत्कृष्ट महाविद्यालय है, जहां अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित विज्ञान प्रयोगशाला तथा वातानुकूलित कंप्यूटर लैब है। खेल खुद के लिए विस्तृत मैदान के अलावा बस सुविधा भी उपलब्ध है। महाविद्यालय परिसर में ही महिला छात्रावास एवं कैंपस के बाहर पुरुष छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है।

# जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय स्थित अपने कक्ष में कौशल तिहार 2025 अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने आगामी राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले कौशल प्रतियोगिता के लिए विजेताओं को अग्रिम शुभकामनाएं दी। जिला कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक विकास देशमुख ने बताया कि जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 23 जुलाई तक आटोमोटिव टेक्नोलॉजी, प्लम्बिंग एवं हिटिंग, इलेक्ट्रीकल इंस्टालेशन एवं फिल्ड टेक्नीकेशिन इलेक्ट्रानिक्स ट्रेड में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न ट्रेडों में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता अंतर्गत प्लम्बिंग एवं हिटिंग ट्रेड में झुमुक लाल और अनुरूद्ध कुमार को कौशल प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार आटोमोटिव टेक्नोलॉजी ट्रेड में ईश कुमार, कुबेर निषाद, खामेलाल एवं लवलेश तथा इलेक्ट्रीकल इंस्टालेशन ट्रेड अंतर्गत प्रेम सोनी, दुलेश्वर साहू, हनेश साहू, प्रभात सिंह एवं फिल्ड टेक्नीकेशिन इलेक्ट्रानिक्स ट्रेड में आलोक सुरेन्द्र, आदिल अली, हेम कुमारी एवं प्रभा मानिकपुरी को कौशल प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन 'कौशल तिहार 2025' का आयोजन का उद्देश्य कौशल प्रतियोगिता के माध्यम से कौशल प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षणरत युवाओं को प्रोत्साहित करने एवं उनके कौशल के प्रदर्शन पर केंद्रित है। कौशल उत्सव द्वारा युवाओं में कौशल के प्रति जागरूकता लाना एवं विजेताओं को इंडिया स्किल्स 2025 के क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना, जो संभवतः वर्ल्ड स्किल्स 2026 में देश का प्रतिनिधित्व करेंगें।

# चखना दुकानों के आस-पास गंदगी, खुले में बिक रही सामग्री

हरिभूमि न्यूज. बालोद/सिकोसा





- गंदगी से बचने खेत खलिहानों के मेड़ में मदिरा पी रहे शौकिया

क्षेत्र के मदिरा दुकानों के पास संचालित चखना दुकानों में गंदगी इस कदर है कि लोग सामान खरीदकर खेत खलिहानों के मेड़ में जाकर मदिरा पीने मजबूर है। जहां इस ओर ना तो संचालनकर्ता ध्यान दे रहा है और ना अधिकारी-कर्मचारियों को इसकी सुध है। इस कारण गंदगी से बीमारियों को आमंत्रण देने जैसी स्थिति उत्पन्न हुई है। ग्राम सिकोसा के देशी अंग्रेजी शराब दुकान के आहता चखना दुकान में खाने–पीने का सामान खुले में बिक रहा है। आस पास की नालियों से मक्खी आकर बैठने के कारण वह दूषित हो रहा है। फिर भी इस ओर चखना दुकान संचालक ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसके चलते कई बीमारी लोगों में फैल रही हैं। नालियों व कचरे से मक्खियां निकलकर खाने–पीने की सामग्री पर बैठकर गंदगी फैला रही हैं। चखना वाले चाहते हैं कि उनका सामान अधिक से अधिक बिके। इन्हें मक्खी के बैठने से होने वाली बीमारियों के खतरे से कोई मतलब नहीं है। लोगों के स्वास्थ के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस ओर स्वास्थ्य विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। चखना दुकानदार मुर्गा, मछली, चना, पापड़, भजिया, बड़ा, अण्डा, कच्चफल्ली, भेल व अन्य खाने–पीने के सामान को दिनभर खुले में रखकर बेच रहे हैं। जिस पर मक्खियां बैठी रहती हैं। इससे खाद्य सामग्री दूषित हो रही है। चखना दुकानदार खाद्य सामग्री को खुले में रखकर बेचा जा रहा है। प्रशासन की निक्रियता के चलते कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसके चलते चखना दुकान वालों के हौसले बुलंद हैं। दुकानदार बेखौफ होकर खुले में रखकर खाने–पीने का सामान को बेच रहे हैं। प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं किए जाने से ग्राहक भी मौन हैं और ऐसी सामग्री खरीदने मजबूर हैं। खाद्य विभाग के अफसर भी मॉनीटरिंग नहीं कर रहे हैं। मंदिरा प्रेमी खुटरी, जूनवानी, सरेखा, भाटागांव, कोटगांव, कोडेवा, चोरेल, पैरी, फुलझर, कुदएँ, धनगांव के लोग खिलावन, अरुण, रोमेन्द, यादराम, हिरदे, हेमन्त, संजय, दिलिप भरत, तरुण, चन्दन, राजेश, सचिन रमण, लखन, चम्मा, मोहन ने बताया कि चखना दुकान में साफ सफाई नहीं रहती, खुले में सामान रहता है। गंदगी इतनी रहती है कि बैठने लायक नहीं रहता। जहां लावारिस कुत्ते आस पास घूमते रहते हैं। हमेशा डर लगा रहता है कभी काट ना दे, इस वजह से हम लोग बाहर से सामान लाकर खेत खलिहान के मेड़ में बैठकर पीने को मजबूर है।

उप सरपंच संजय बारले ने कहा चखना संचालक डस्टबिन का डब्बा रखने के लिए कहा है, खाली डिस्पोजल पाउच खेत को नुकसान हो रहा है। इससे बचाव के लिए आहता में जाकर समझाईस दी जाएगी।

# जैन धर्म में सामायिक आराधना का है महत्वपूर्ण स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



अछोली देवरी व संबलपुर जैन संघ द्वारा आयोजित वर्षावास के तहत देवरी के जैन भवन में जैन आचार्य भगवन श्रीरामलालजी मसा की सुशिष्या पर्याय ज्येष्ठा महासती विवेकशीला श्रीजी मसा ने अपने आध्यात्मिक प्रवचनों के अंतर्गत कहा कि जैन धर्म में सामायिक की आराधना का बड़ा ही महत्वपूर्ण स्थान बताया गया है।

साधु संत दीक्षित होने के बाद आजीवन सामायिक की आराधना में रहते हैं। वहीं श्रावक श्राविकाओं के एक मुहूर्त यानि अड़तालीस मिनट के एक सामायिक होता है। सामायिक की आराधना से बड़े ही पुण्य का बंध होता है। सामायिक की आराधना के अंतर्गत साधक एक मुहूर्त तक साधु चर्या में ही रहता है। इस दौरान सांसारिक गतिविधियों से निवृत्ति के साथ संसार के पाप के कार्यो से भी पूर्ण रूपेण दूरी ही रहती है साधक को इस दौरान सत्संग प्रवचन स्वाध्याय आदि धार्मिक आराधना में ही लीन होकर प्रभु भक्ति में ही रहना चाहिए। महासती जी ने सामायिक के 32 दोषों के बारे मे विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि सामायिक के 32 दोष, होते है जिनमे 10 मन के, 10 वचन के और 12 काया के दोष होते हैं। ये दोष सामायिक के दौरान कभी भी नहीं होने चाहिए, क्योंकि ये सामायिक की प्रभावशीलता को कम करते हैं।

अविवेक ,यश कीर्ति, लाभार्थ,. गर्व, भय,निदान, संशय, रोष, अविनय, अमान आदि के साथ किया गया सामायिक की आराधना दोष का कारण बनता है जिससे पुण्य का बन्ध तो नही होगा वही पाप का बंध हो सकता है।सामायिक की आराधना करते समय कभी भी फल की चाहना नही होनी चाहिए वही फल पर संशय भी नही होनी चाहिए।यश कीर्ति धन प्राप्ति के चाह के रहित होकर ही आराधना होनी चाहिए। वचन के भी 10 दोष बताए गए हैं। संघ के प्रदीप बाफना ने बताया कि विराजित साध्वीवृन्द के सानिध्य में रविवार को सुबह प्रार्थना के समय समता शाखा का कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ। वही साध्वियों के दर्शन वंदन हेतु निरन्तर श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। त्याग व तपस्या निरन्तर भी चल रही है।

### गुरु शिष्य परंपरा आदिकाल से चले आ रहा : मुख्य वक्ता शैलेश

# गुरु पूर्णिमा साहू सदन कनेरी में हर्षोल्लास से मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





राष्ट्रीय स्वयंसेवकों द्वारा शताब्दी काल में गुरु पूर्णिमा उत्सव साहू सदन कनेरी में मनाया गया। जिसमें मुख्य वक्ता पूर्व खंड सह कायवाहक शैलेश कुमार साहू थे एवं अध्यक्षता पूर्व जिला प्रचारक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ बालोद हीरालाल यादव ने किया।

शिक्षक वासुदेव नागेश्वर एवं प्रार्थना प्रमुख प्रणय कुमार यादव, राजेश कुमार पटेल, संपर्क प्रमुख खंड एवं जयप्रकाश साहू स्वयंसेवक थे। कार्यक्रम में हीरालाल यादव ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी काल में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया जाता है, संघ की स्थापना 1925 में विजयादशमी में हुआ है संघ का संस्थापक पूजनीय केशव बलीराम हेडगेवार हैं संघ की शुरुआत नागपुर से हुआ था जिसमें परम पवित्र भगवाध्वज को संघ ने गुरु माना है गुरु की ज्ञान रूपी गंगा में स्नान से शिष्य के जीवन में निखार आता है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश प्रेमियों का संगठन है हर वर्ग को देश के लिए जोड़ने का कार्य करता है आज की परिवेश में हिंदू समाज को संगठित रहने की जरूरत है हमारी संस्—ति एवं संस्कार से राष्ट्र का निर्माण होगा। ग्राम कनेरी में शाखा 1940 से प्रारंभ है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शैलेश कुमार ने कहा गुरु शिष्य परंपरा आदिकाल से चले आ रहा है, यह संगठन आज वटवृक्ष के समान खड़ा हुआ है विश्व का सबसे बड़ा संगठन है स्वयंसेवक संघ प्रत्येक दिन एक घंटा शाखा लगाया करें ताकि संगठन और मजबूत हो सके कार्यक्रम में युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में संघ से जोड़ने की अपील की गई।

इस अवसर पर ग्राम के नागरिक देवमन पटेल, जनार्दन सिंन्हा, किशन राम छपेंद्र, गिरधारी छपेंद्र, हीरालाल साहू, मनोहर छापेंद्र, रेखराम पटेल, डोमार सिंह साहू, पन्नालाल पटेल, संत कुमार साहू, जयंत कुमार यादव, युगल किशोर सिंन्हा, कौशल सिंन्हा सहित आस पास के ग्राम के संगठित स्वयंसेवक उपस्थित थे।



इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)

प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)

100% CAMPUS PLACEMENT

TEAM CREATIVE

मारूती इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम – दानीटोला, पोस्ट – भैसबोड़,
तहसील – डौंडी, जिला – बालोद (छ.ग.)
09229820000, 07470542137

## खबर संक्षेप



### हरेली त्योहार पारंपरिक तरीके से मनाया गया

**बालोद/निकुम।** सावन माह की अमावस्या पर छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार हरेली पर्व ग्रामीण अंचल मोहंदी पाठ, खुरसुनी, गोडेला, भरदा कला, खुरसुल सहित सभी जगह हरेली त्यौहार पारंपरिक ढंग से मनाया गया। किसानों ने कृषि औजारों, रापा, कुदाल, नागर की साफ सफाई कर घर के आंगन में पूजा अर्चना गुड चिला का प्रसाद चढ़ाया, खेत में भी जाकर अच्छी फसल की कामना कर पूजा अर्चना कर पशुधन की पूजा कर, घरों में छत्तीसगढ़ व्यंजन चिला, ठेठरी, खुरमी, पूरी, बड़ा सहित कई प्रकार के व्यंजन बना कर खुशियां मनाई, वही बच्चें गेड़ी खेलते नजर आए, इस अवसर पर किसान क्रांति भूषण साहू ने कहा कि त्यौहार को पारम्परिक ढंग से मनाए, वही कई जगह धरती का श्रृंगार करने पौधे रोपे गए।

### पीपल पौधे का रोपण कर देखभाल व सुरक्षा का संकल्प लिया



**बालोद/कलंगपुर।** हरेली तिहार के पावन पर्व पर स्थानीय ग्राम कलंगपुर निवासी महाजन सिन्हा एवं उनकी धर्मपत्नी राजेश्वरी सिन्हा ने अपने स्वगएॅय पिता विष्णु राम सिन्हा एवं माता बन्नीन बाई की स्मृति मे गांव के भेलवा तालाब पार पर छायादार पीपल पौधे का रोपण कर उनकी देखभाल व सुरक्षा का संकल्प लिया।

### चापड़ से हमला करने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते हमला करने का प्रयास करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर चापड़ से राहुल उर्फ रहुलिया के उपर प्राणघातक हमला कर दिया। घटना में आरोपियों ने पीड़ित के गर्दन व सिर में हमला फरार हो गए थे । पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी रोहित तिवारी, सुरत उर्फ बिल्ली साहनी, सुरज गुप्ता को पूर्व में पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। मुख्य आरोपी संजय नगर सुपेला निवासी दिनेश सिंह लंबे समय से फरार था। पुलिस ने खोजबीन कर आरोपी दिनेश सिंह गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया है। कार्रवाई में सुपेला थाना प्रभारी विजय कुमार यादव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

**पर्व : किसान जोताई-बोआई और रोपाई खत्म करके कृषि औजारों की पूजा करते हैं**

# हरेली त्योहार परंपरा व उत्साह के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ के हरेली का त्यौहार पूरी आस्था व उत्साह के साथ मनाया गया है। अंडा, चिंगरी, अछोटी, भरदा, कोनारी, कुथरेल, भानपुरी, कोड़िया, हनोदा, चंदखुरी, कोलिहापुरी, पिसेगांव, अंजोरा, खपरी, रसमड़ा, बोरई, गनियारी, जंजगिरी, विनायकुपर, आमटी, आलबरस, निकुम, खाड़ा, रुदा, भोथली, तिरगा, झोला, डौकीडीह, खप्परवाड़ा, देवरी ख, ओटेबंध, सिरसिदा, परसदा, डगनिया, नाहंदा, गुरेदा, सलौनी, भिलाई,चीचा, गोरकापार, तिरखैली, ओडारसकरी, मटिया, देवगहन सहित हरेली त्यौहार के अवसर पर कई तरह के आयोजन भी किए गये। किसान के बेटा ग्राम चिंगरी निवासी शिक्षक आनंद राम बघेल का कहना है कि हरेली त्यौहार हरियाली



का प्रतिक होता है और हर वर्ष सावन माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को इसे मनाया जाता हैं। सभी किसान श्रद्धालुओं के द्वारा पूजा अर्चना कर अपने घर परिवार की सूख शांति और समृद्धि लिए प्रार्थना किया गया। कृषि औजारों की हुई पूजा-अर्चना हरेली त्यौहार में किसान अपने कृषि काम में आने वाले औजारों की पूजा अर्चना करते हैं।

किसान जुताई, बोवाई और रोपाई खत्म करके इस तिहार को मनाते है। जहां किसानों ने कृषि औजार कुदाली, फावड़ा, गैती, हल की पूजा-अर्चना की। ग्राम चिंगरी के छोटे छोटे बच्चों ने लिया गेड़ी का मजा लक्ष सारथी, छत्रपाल यादव, पुरेवेन्द्र यादव कान्हा यदु, कृष यदु सहित अन्य लोगो ने भी बढ़ चढ़ का हिस्सा लिया।

### रिसामा में पौधारोपण किया गया



**अंडा।** हमारे छत्तीसगढ़ के प्रथम लोकपर्व हरेली की आप सभी को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं व हरेली के पावन पर्व पर हमारे ग्राम रिसामा में ग्राम पंचायत रिसामा, ग्रामवासी व ग्राम के नवयुवकों के सहयोग से वृक्षारोपण का कार्य सफलता पूर्वक किया गया। जिसमें सरपंच रोशन साहू , उपसपंच मन्नू लाल साहू , समस्त पंच गण गीतेश्वर साहू ओम धीमर टोप सिंह, अनिता शर्मा व ग्रामवासी द्वारिका यादव, सोनऊ, चंपा साहू, कीर्तन साहू साथ ही युवागण विकाश साहू,चंद्रकांत सेन, नुमेश साहू आदि उपस्थित थे।



### हरेली के महत्व की जानकारी देने स्कूल में पूजन का आयोजन किया गया

**गुरूर।** विद्यालय में पढ़ रहे बच्चो को अपने पारंपरा व त्यौहार के प्रति जागरूक करने के लिए सरस्वती शिशु मंदिर पुरूर द्वारा हरेली त्यौहार पर किए जाने वाले पारंपरिक पूजन तथा अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चो को हरेली के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए हरेली के महत्व के बारे में बताया गया।

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरूर में हरेली का त्यौहार कृषि उपकरणों जैसे हल, फावड़ा इत्यादि की पूजा कर पारंपरिक रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हरेली त्यौहार क्यों और कैसे मनाया जाता है इस पर विद्यालय के भैया बहनों के साथ संतोषी नागवंशी ने भैया बहनों को विस्तृत जानकारी दिए। आचार्य खिलेश्वर साहू ने हरेली गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय परिसर में भैया बहनों तथा आचार्यों ने पौधारोपण किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य योगेश्वर साहू ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्यगण आगेश्वर हिरवानी, नीमा साहू, खिलेश्वरी, कुमुदिनी यादव, खुमेशवरी साहू, पिंकी सेन, तुमेश्वरी साहू, रोशनी साहू, मिलन हिरवानी, आशा नेताम, सीमा निषाद, कामनी साहू, चित्ररेखा पटेल, मंजू साहू का योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य वेदप्रकाश कटेंद्र ने हरेली समस्त भैया बहनों को विद्यालय परिवार की ओर से हरेली त्यौहार की शुभकामनाएं दी।

## हरेली के अवसर पर परसाही मे किया गया पौधारोपण



**गुण्डरदेही।** छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार हरेली ग्राम परसाही में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीण युवाओं द्वारा वृहद पौधारोपण ग्राम प्रवेश द्वार से कर्मा भवन तक सड़क के दोनों किनारों पर मौलश्री के 100 पौधे, केनाकार्पस के 50 पौधे और ताबेबुईया रोशिया के 50 पौधे, रोपित किए गए। इसके अलावा व्यक्तिगत रुप से भी आम के 10 पौधे, कटहल के 10 पौधे, नींबू के 10 पौधे और फूलदार 20 पौधे लगाए गए। इस पौधारोपण का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ वातावरण प्रदान कर ग्रामीण सौंदयऍकरण को बढ़ाना है। जिन जिन घरों के पास यह वृक्षारोपण हुआ है वे लोग इसका सुरक्षा और सिंचाई की जिम्मेदारी की शपथ ली है। सभी पौधों का व्यवस्था सेवानिवृत्त कर्मचारी हेमसिंह साहू ने किया है बता दें कि पिछले वर्ष भी इनके द्वारा सौंदयऍकरण हेतु पौधों का व्यवस्था किया गया था जिससे शिव मन्दिर प्रांगण, हरदेव लाल मंदिर प्रांगण और मुक्तिधाम में सौंदयऍकरण किया गया है।

शिक्षक गजेन्द्र यदु ने साहू के इस सहयोग की प्रशंसा करते हुए कहा कि जहां एक ओर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा एक पेड़ मां के नाम वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर इससे प्रेरित होकर साहू द्वारा 250 पौधों का व्यवस्था करना और युवा साथियों द्वारा उसे रोपण कर सुरक्षा का संकल्प लेना हमारे लिए गर्व की बात है। पौधारोपण को सफल बनाने में शशिकांत साहू,दिलीप साहू, ताराचंद साहू, दीपक साहू, भुवनेश्वर, पालेश्वर, पीरीत राम, सुनील कुमार, हिराधर, गोपाल, होरी यादव, सोमित चंद्राकर, चौन सिंह विरेन्द्र यदु, कन्हैया, हेमन्त, जीजू ठाकुर, दुर्गेश कुमार, खेमू देवांगन, रवि, रोहित, भीम, खेलन साहू, यशवंत, घनश्याम, मुकेश, चंदन, झम्मन, ओमप्रकाश, कार्तिक, डोमन, निर्मल, पुषाउ, नरेश यदु, मोहन , निरज यदु आदि ने सहयोग किया।

### भोथली में पौधारोपण किया गया



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम भोथली में छत्तीसगढ़ के प्रथम त्योहार हरेली के उपलक्ष्य में पौधारोपण एवम पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपरोक्त विषय अंतर्गत ग्राम भोथली में प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों को पौधा वितरण एवम आंगनबाड़ी केंद्र और विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया गया किया गया। जिसमें मुख्य रूप दामिनी मुकेश साहू सदस्य जनपद पंचायत दुर्ग उपस्थित थे। साथ ही उन्होंने कहा की सिर्फ पेड़ लगाना हमारी जिम्मेदारी नहीं है। बल्कि उसे सहेजना और बड़ा होते तक देखभाल करने की जरूरत है तभी हमारा यह काम सार्थक होगा इस मौके पर ग्राम पंचायत भोथली के सरपंच नेमिन खुटैल , उपसरपंच जितेंद्र साहू, टेनेंद्र साहू, तोरण निषाद, संतोषी बाई निषाद, प्रेमलता यादव, प्रेमलता साहू आदि पंच गण, मितानिन दुर्गा साहू, लालेश्वरी साहू, वंदना साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अर्चना निषाद, रोहित निषाद, सचिव नेश्वर मुजेवार, धर्मेंद्र साहू एवम ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### हरेली में कृषि औजारों एवं पशुओं की पूजा अर्चना कर अच्छी फसल की कामना





**गुरूर।** नगर सहित ग्रामीण अंचलों में छत्तीसगढ़ का प्रथम त्योहार हरेली धूमधाम से मनाया गया। जहां सुबह किसान अपने कृषि औजारों एवं पशुओं की पूजा अर्चना कर अच्छी फसल की कामना की। हरेली तिहार के दिन औंजारों की पूजा करने के साथ ही खेत में चीला चढ़ाकर पूजा कर किसान अच्छे फसल की कामना की गई। घरों घर छत्तीसगढ़ी व्यंजन जैसे गुलगुल भजिया, चीला बनाया गया। घर के द्वार पर नीम के पेड़ की शाखाएं लगाए गए नीम में औषधीय गुण होते हैं जो बीमारियों के साथ–साथ कीड़ों को भी रोकते हैं।

**गेड़ी चढ़ने की है परंपराः** छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रें में हरेली तिहार के दिन गेड़ी चलाने की परंपरा है इसके बिना हरेली तिहार अधूरा है। बच्चे बांस की गेड़ी.बनाकर उसमें चढ़कर आनंद लिए। गेड़ी.के अलावा इस दिन कई ग्रामों में खेलकूद खो–खो, फुगड़ी, गेड़ी दौड़.का भी आयोजन किया गया।

### एक पेड़ मां के तहत पौंधारोपण किया गया



**गुरूर।** ग्राम पंचायत दरगहन आश्रित ग्राम डोकला एवं दानीटोला में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। जहां ग्रामीणजन अधिक संख्या में भाग लिए। जिसमें ग्राम के तालाब पार गौठान शासकीय भावनों सहित अन्य स्थानों पर वृहद रूप से पौधारोपण किया गया। जिसमें अलग–अलग प्रजातियों के फलदार सहित छायादार पौधा रोपण किया गया। सरपंच त्रिभा अश्वनी बंजारे ने कहा कि जिला प्रशासन का यह कार्य सराहनी है, जहां पेड़ पौधे हैं, वहां जीवन अनुकूल है, पेड़ पौधों के बिना हम जीवन जीने की कल्पना भी नहीं कर सकते। जल संरक्षण के लिए पेड़ पौधे भी आवश्यक है। पौधा रोपण में ग्राम के नागरिक सहित गणमान्य नागरिक एवं पंचायत के प्रतिनिधि अधिक संख्या में और पौधारोपण कार्य में सम्मिलित हुए।

### हरेली पर्व पर पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कमरौद के ग्रामीणों ने हरेली पर्व के शुभ अवसर पर सामूहिक रूप से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। यह अभियान तालाब के समीप, गौठान मैदान, सड़क किनारे एवं चौक मैदान में संचालित किया गया, जहां फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया।



सुबह से ही ग्रामीण उत्साहपूर्वक जुट गए थे और एक-एक कर पौधे लगाना शुरू कर दिया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने प्रकृति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़-पौधे प्रकृति का श्रृंगार हैं। आज के तनावपूर्ण जीवन में हरियाली हमें न केवल सुकून देती है, बल्कि जीवन का आधार भी बनती है। हरियाली से घिरा व्यक्ति हमेशा प्रकृति के करीब महसूस करता है। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से यह भी कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण को जनआंदोलन का रूप देना होगा। इस अभियान को पूरे गांव में एकजुटता के साथ संचालित किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

### पर्व हरेली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया





**कुसुमकसा।** कुसुमकसा सहित समीपस्थ ग्रामीण अंचलों में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति का प्रतीक और सबसे पहले लोक पर्व हरेली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, सावन मास की अमावस्या को मनाने जाने वाला यह पर्व मूलतः किसानों का मुख्य त्यौहार है, जो प्रकृति, कृषि, पशुधन और पर्यावरण से गहरे जुड़ाव को दर्शाता है, यह पर्व हरियाली के स्वागत और उसके प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है, किसान सुबह अपने कृषि औजार नागर, गैंती, कुदाली, फावड़ा आदि की सफाई कर उनकी विधिवत पूजा अर्चना की, साथ ही पशुधन गाय, बैल को स्नान कराकर सजा कर पूजन किया। ग्राम में घर घर में गुड़ चांवल से बना पारंपरिक चीला बनाकर कुल देवी देवताओं की विशेष पूजा अर्चना कर चीला का भोग लगाया। हरेली पर्व पर युवाओं ने घर घर जाकर घरों के मुख्य द्वार पर नीम की पत्तियां बाधा गया ,मान्यता है की इससे नकारात्मक शक्तियों से रक्षा होती है, बांस से बनी लंबी गेड़ी का बच्चों और युवाओं ने लुत्फ उठाया।

### परंपराओं के साथ मनाया जाता है हरेली त्योहार



**अंडा।** छत्तीसगढ के पारंपरिक पर्व हरेली में हर घर के मुख्य द्वार पर नीम की टहनी लगाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। मान्यता है कि बारिश के मौसम में छोटे-छोटे कीटाणु, जीवाणुओं के प्रकोप को घर के भीतर जाने से रोकने के लिए नीम की टहनी लगानी चाहिए। हालांकि इससे परे अंधविश्वास भी है कि नीम की टहनी लगाने से घर-परिवार और सदस्यों को बुरी नजर नहीं लगती। चूंकि हर घर में नीम की टहनी लगाई जाती है। बच्चे, युवा टहनी तोड़कर लाते हैं। गांवों में यादव और लोहार लोगों द्वारा किया जाता है। हरेली के दिन गांव-गांव में यादव और लोहार की पूछ पर मुख्य द्वार पर नीम की पत्ती लगाकर और चौखट में कील ठोंककर आशीर्वाद देते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से उस घर में रहने वालों की अनिष्ट से रक्षा होती है। इसके बदले में किसान उन्हें दान स्वरूप स्वेच्छा से दाल, चावल, सब्जी और नगद राशि देते हैं। अंडा निवासी भीषम यादव, गोविंद यादव, रोशन लाल यादव ने पुरे गांव में घुमकर घर घर जाकर नीम की टहनी लगाई गई।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 31 जुलाई को

**बालोद।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 31 जुलाई को सुबह 12 बजे से जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बैठक में सर्व संबंधितो को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने को कहा है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**प्राचार्य ने विजयी प्रतिभागियों का श्रीफल और उपहार किया सम्मान**

## हरेली पर नारियल फेंक स्पर्धा का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

हरेली त्यौहार के पावन अवसर पर गुरुवार को नारियल फेंक स्पर्धा का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर द्वारा विद्यालय मैदान में आयोजित किया गया जिसमें प्रतिभागी विद्यालय के स्टॉफ के सदस्य रहे।



स्पर्धा में पुरुष एवं महिला ग्रुप का पृथक स्पर्धा हुई। महिला ग्रुप में शशि यादव प्रथम, डामिन साहू द्वितीय एवं पुरुष ग्रुप में परमानंद टंडन प्रथम, लिकेश्वर साहू द्वितीय रहे। प्राचार्य पीएल बारले ने विजयी दोनों ग्रुप को श्रीफल के साथ उपहार भेंट कर सम्मानित किए। अन्य प्रतिभागी हाथेश्वर साहू, धनेश्वरी साहू, दिव्या चंद्राकर, प्रीति साहू, सुनीता सेन, काजल धनकर, हाथेश्वर साहू, पूरनलाल बारले, थानेश्वरी साहू को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चिला रोटी की महक नागर की पूजा मन को आनंदित करती है प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि धरती मां इन दिनों हरे परिधान में चाहू ओर दिखती है जो मन को आनंदित करती है। नयन जिधर भी देखती है हरी भरी धरती का मनोरम दृश्य ही नजर आता है। हरेली पर्व किसानों का विशेष पर्व है हरेली त्यौहार में चिला रोटी की महक नागर रापा कुदाली गैती सहित सभी किसानी अवजारों की पूजा अनमोल विरासत पूजा की स्मरण कराती है मन को सुकून देती है। हरेली का त्यौहार छत्तीसगढ़ को अनूठा उपहार देती है भाईचारा एवं खुशियों से सराबोर कर देती है।

### पाक्षिक कार्यशाला में सीखे अध्ययन अध्यापन प्रबंधन कौशल

सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार आचार्य दीदियों ने प्राचार्य पीएल बारले के मार्गदर्शन में अध्ययन कौशल अध्यापन नियंत्रण प्रबंधन सद्व्यवहार कक्षा सुव्यवस्था उत्साहित होकर दायित्वों का निर्वहन करने बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार दस्तावेजी प्रबन्धन स्वच्छता पर्यावरण आदि पर आयोजित पाक्षिक कार्यशाला में हुनर सीखे। प्राचार्य पीएल बारले ने बताया कि जुलाई 2025 में विद्यालय परिसर में 66 पौधा एवं पौधारोपण भी किया गया और भी प्रयास जारी है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करेंः-7354-411411